प्राचार्य का कार्यालय

लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान,

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के समीप,
माला मिर्जा टुकड़ा, पोस्ट ऑफिस– घेघटा
छपरा–841302

पत्रांकः–..... छपरा / दिनांकः–...../...../.....

कार्यालय आदेश

विभागीय निदेशानुसार संस्थान में दिनांक– 29.11.2026 (रविवार) को 10:00 बजे पूर्वाह्न से शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठि होना सुनिश्चित है। अतः उक्त के आलोक में सभी शिक्षकों / छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। कार्य संपादन के उपरांत प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ही क्षतिपूर्ति का आदेश निर्गत किया जाएगा।

ह0 / –
प्राचार्य
लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान,
छपरा।

ज्ञापांक–1518 छपरा / दिनांकः–26 / 11 / 2026

प्रतिलिपिः– उपरोक्त के अनुपालन में सूचनार्थ प्रेषित।

1. विभागाध्यक्ष / मेंटर / शिक्षकगण को आवश्यक कार्यार्थ सूचनार्थ प्रेषित।
2. सूचना पट्ट।

प्राचार्य 26/11/26
लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान,
छपरा

प्राचार्य का कार्यालय

लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के समीप,
माला मिर्जा टुकड़ा, पोस्ट ऑफिस - घेघटा
छपरा, बिहार- 841302

पत्रांक: 1521 छपरा /दिनांक: 27/11/2026

निमंत्रण पत्र

आदरणीय अभिभावक महोदय,

सादर नमस्कार,

आपको यह सूचित करते हुए हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा में दिनांक 29.11.2026 (रविवार) को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, तथा समग्र विकास पर चर्चा हेतु एक अभिभावक – शिक्षक बैठक समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम आपके पुत्र/पुत्री/आश्रित के शैक्षणिक सर्वांगीण विकास हेतु अत्यंत लाभकारी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे द्वारा छात्रहित में संचालित किये जा रहे विभिन्न योजनाओं से आपको अवगत कराना एवं आपके पुत्र/पुत्री/आश्रित से संबंधित विशिष्टियों, शैक्षणिक दृष्टिकोण से उनकी कमजोरी, एवं उसमें सुधार लाने के विभिन्न तरीकों पर वार्तालाप कर संबंधित निष्कर्षों के अनुरूप शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। हमारा लक्ष्य लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा को बिहार राज्य में ही नहीं अपितु देश के अग्रणी अभियंत्रण महाविद्यालयों की श्रेणी में लाना है, जिसकी संकल्पना आपके सहयोग एवं आपके पुत्र/पुत्री/आश्रित के परिश्रम से ही संभव है। आपकी उपस्थिति विद्यार्थियों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया अपने पुत्र/पुत्री/आश्रित के साथ संबंधित शिक्षकों से संवाद स्थापित करने हेतु इस बैठक में अनिवार्य रूप से पधारें एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम की समय-सारिणी निम्नवत है :-

समय	कार्यक्रम
11:00-11:15 AM	पंजीकरण+प्रतिक्रिया फॉर्म (Registration+Feedback Form) देना एवं स्वागत
11:15-11:30 AM	अल्पाहार (Tea Break)
11:30-11:45 AM	दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना
11:45-12:00 PM	प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण एवं बैठक का उद्देश्य
12:00-12:30 PM	संस्थान की शैक्षिक प्रगति, सुविधाए, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों की जानकारी एवं अन्य का प्रस्तुतिकरण
12:30-01:30 PM	कक्षा-वार शिक्षक – अभिभावक संवाद (Individual Parent – Faculty Interaction)
01:30-01:45 PM	अभिभावक सुझाव एवं प्रश्नोत्तरी सत्र /प्रतिक्रिया फार्म (Feedback Form) की प्राप्ति
01:45-02:00 PM	राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन संबोधन एवं धन्यवाद ज्ञापन
02:00-03:00 PM	भोजन (Lunch)

प्राचार्य 26/11/26
लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा